# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(भाग—१ कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

बुधवार, तिथि १६ जुलाई, १९८० ई०

विषय सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर:— | |
| अल्प सूचित प्रश्नोत्तर संख्या—२१ . . . . | १—५ |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या—८५, ८९, ४४०, ४४१, ४४२, ४४४, ४४५, ४४६, ४४८, ४५१, ४५२, ४५३, ४५४, ४६५, ५२६. | ५—२९ |
| परिशिष्ट:—(प्रश्नों के लिखित उत्तर) | ३०—३८ |
| दैनिक निबंध | ३९—४० |


जिन मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है, उनके नाम के आगे * का चिन्ह लगा दिया गया है ।

१८४—६३ एल० ए०

(२) क्या यह बात सही है कि उक्त बांध को बांधने के लिए १६७८ में काम लगाया गया परन्तु काम पूरा नहीं हो सका और आधा बनने के बाद छोड़ दिया गया;

(३) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उस बांध को बांधने का कार्य पूरा करेगी, यदि हां तो कब, नहीं तो क्यों?

प्रभारी मंत्री, लघु सिंचाई विभाग--(१) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(२) इस योजना का कार्य सन् १६७६-८० में प्रारम्भ किया गया है। कार्य प्रगति में है।

(३) योजना के कार्य स्थल पर सामान आदि ले जाने का रास्ता मात्र मई, जून माह में ही बनाया जाता है, तथा बुढ़ी नदी में पानी भी मात्र उक्त दो माह में ही कम रहता है। इन दो महीने में ही प्रत्येक साल इस योजना में कार्य कराया जा सकता है। लगभग ४५ प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है तथा शेष कार्य आगामी मई, जून माह तक कराये जाने की संभावना है।

---

## खराब नलकूपों की मरम्मत

४७६. श्री रामचन्द्र पासवान--क्या मंत्री, लघु सिंचाई विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(१) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय के बखरी प्रखंड में राजकीय नलकूप की संख्या कितनी है तथा उन में से कितने नलकूपों की स्थिति कैसी है,

(२) क्या सरकार नलकूपों को जल्द चालू करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

श्री जगन्नारायण त्रिवेदी--(१) बेगुसराय जिलान्तर्गत बखरी प्रखंड में कुल सार्वजनिक नलकूप ४१ हैं। इन ४१ नलकूपों में से ३७ नलकूप में बिजली लगी हुई है और ये सभी चालू हैं। शेष ४ नलकूपों में बिजली नहीं लगी है।

(२) बखरी प्रखंड के जो ४ नलकूप में बिजली नहीं लगने के कारण चालू नहीं हैं, बिहार राज्य विद्युत पर्षद् द्वारा उन नलकूपों पर बिजली लगाने के बाद उन्हें शीघ्र चालू करा दिया जायगा।